# MUNJAL SHOWA LIMITED

Registered Office & Works : 9-11, Maruti Industrial Area, Sector - 18, Gurugram - 122 015 (Haryana) INDIA
E-mail : msladmin@munjalshowa.net Website : www.munjalshowa.net
Corporate Identity Number : L34101HR1985PLC020934, PAN : AAACM0070D
Phone : 0124-4783000

**July 03, 2021**

The D.G.M. (Listing)
Corporate Relation Department
BSE Ltd.
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai-400 001
Security Code: 520043

The Asst. Vice President
Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra-Kurla Complex
Bandra (E), Mumbai – 400 051
Security Code: MUNJALSHOW

**Sub: Intimation to Stock Exchange regarding issuance of Notice in newspaper**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 and Regulation 47(3) read with Schedule III of SEBI (Listing, Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015 the Company hereby informs that a Notice to shareholder has been published in 'Mint' (English newspaper), 'Hindustan' (Hindi Newspaper) on July 03, 2021 pursuant to the provisions of Section 124(6) of the Companies Act, 2013 and Rule 6 of Investors Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 and as amended from time to time.

We would also like to inform that as per Rule 6 of the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, we have also sent individual notices, to the shareholders, who have not claimed dividend for seven or more consecutive years and whose shares are liable to be transferred to the Demat Account of IEPF Authority during the financial year 2021-22.

Kindly take the aforesaid information on your records.

Thanking you,

Yours sincerely,
**For MUNJAL SHOWA LIMITED**

Geetanjali

MUNJAL SHOWA LIMITED GURGAON

**(Geetanjali Sharma)**
**Company Secretary & Compliance Officer**
*Encl: as above*

# Zomato gets Sebi nod for ₹8,250-cr share sale

Ravindra Sonavane
ravindra.s@livemint.com
MUMBAI

The Securities and Exchange Board of India has given its nod for food delivery platform Zomato Ltd to raise funds via an initial public offering (IPO), said a person aware of the development.

"They have received the go-ahead from Sebi. It should be updated on the regulator's website on Monday. Now that the approval has come, the launch can happen anytime soon, most likely this month," the person said.

A spokesperson for Zomato did not comment.

On 29 April, Zomato filed its draft red herring prospectus (DRHP) with the markets regulator, proposing an IPO of ₹8,250 crore.

The company will issue fresh equity shares worth ₹7,500 crore along with the company's early backer Info Edge India Ltd selling its stake worth ₹750 crore in Zomato's upcoming public offering.

The company plans to use ₹5,625 crore of the net proceeds (including pre-IPO funding) towards funding organic and inorganic growth initiatives.

Zomato will also likely take a pre-IPO placement, which may be undertaken in consultation with the managers for an aggregate amount not exceeding ₹1,500 crore at a final price decided by the company.

Earlier, *CNBC* had reported that Zomato is likely to have increased the offer size to about $1.25 billion with primary fund raise likely to be about 20% higher at $1.2 billion.

Valuation is seen at $8.7 billion for the likely mid-July listing.

# Covid hit Indian banks harder than peers in US, Europe: RBI

Much of the default in the banks' corporate portfolio was led by small and medium businesses

Gopika Gopakumar
gopika.g@livemint.com
MUMBAI

Banks in India have seen the worst deterioration in asset quality owing to the covid-19 pandemic compared to other advanced economies, show data released by Reserve Bank of India's financial stability report.

While all countries saw a year-on-year increase in the default rate among both corporate and retail borrowers during the fourth quarter of CY20, it has been more pronounced in the case of banks operating in India.

The report collated the median and adjusted default rates in the retail and corporate portfolios of banks across seven major economies.

According to the report, the median or weighted average default rate in the corporate portfolio of Indian banks spiked to 2.86 at the end of Q4CY20 from 1.55 in Q4CY19. In comparison, the US saw the median default rate in the corporate portfolio at 1.13 compared to 0.62 in the year-ago period. On the other hand, European banks reported an improvement in the corporate median default rates despite covid.

Even in terms of expected default in the corporate portfolio, as measured at the end of Q4CY20, Indian banks fared the worst with adjusted probability of default at 3.94 compared to 2.88 IN Q4CY19.

Much of the default in the corporate portfolio was led by small and medium enterprises, the RBI report said.

Retail loans were the most affected as lockdowns and other restrictions led to job losses and a decline in loan repayments. The performance of the retail portfolio deteriorated in five of the seven countries, with India seeing the sharpest increase in default rates.

According to the report, the median default rate observed in the retail loan book of Indian banks stood at 2.17 at the end of the fourth quarter of CY20 compared to 0.22 IN Q4CY19. Much of the impairment in retail loans was driven by secured real estate assets and unsecured exposure. The highest default rate was seen in the retail loan book of banks based in Italy at 4.17 at the end of Q4CY20 compared to 4.63 in Q4CY19.

Other countries such as the US saw the median default rate at 1.29 in the retail loan portfolio compared to 1.06 in the year-ago period.

Experts said Indian retail borrowers were possibly the worst-affected, compared to other advanced economies, due to the poor fiscal spending to support them in the wake of the pandemic.


For instance, the UK government introduced the furlough scheme in 2020 to stop people from being laid off by their employers during the lockdown. The government paid 80% of the wages of people who could not work, or whose employers could no longer afford to pay them, up to a monthly limit of £2,500.

While India offered regulatory forbearance such as the six-month loan repayment moratorium for borrowers and introduced credit-guarantee schemes for small and medium enterprises, it failed to put cash directly in the hands of consumers, said experts.

That said, the jury is still out whether the short-term approach adopted by other countries proved more beneficial as compared to the long-term cautious approach by Indian regulators.

## Pain point

While all seven countries in the study saw a year-on-year increase in the default rate among both corporate and retail borrowers during Q4CY20, it was more pronounced in the case of banks operating in India.




Source: RBI Financial Stability Report July 2021

PARAS JAIN/MINT

## TRYING TIMES

**RETAIL** loans were the most affected as lockdowns led to job losses and a decline in loan repayments

**INDIAN** borrowers were possibly the worst-affected due to the poor fiscal spending to aid them

**INDIA** did offer a loan repayment moratorium, but did not put cash in the hands of consumers

# 'Big Tech's financial sector push poses risks'

Reuters
feedback@livemint.com
MUMBAI

Plans by Big Tech to enter further into India's financial sector pose risks for traditional banks as the tech firms have the potential to become dominant players in financial services, the central bank said.

The plans will also create governance-related challenges for regulators, the Reserve Bank of India (RBI) wrote in its bi-annual financial stability report on Thursday. Major technology firms "straddle many different lines of business with sometimes opaque overarching governance structures," it said.

RBI said concerns included operational risks, too-big-to fail issues, challenges for antitrust rules, cybersecurity and data privacy. But it added that positive outcomes could include efficiency gains and more access to financial services.

Amazon.com Inc. and Google Llc currently provide basic payment services in India. Both companies as well Facebook Inc. and others have applied for licences to operate broader retail payment and settlement systems in partnership with Indian firms.

# Licious raises $192 mn from investors led by Temasek, Multiples PE

Madhurima Nandy
madhurima.n@livemint.com
BENGALURU



Vivek Gupta (left) and Abhay Hanjura, co-founders, Licious.

Fresh meat and seafood e-tailer Licious has raised $192 million in a Series F funding round led by Singapore-based investment firm Temasek and Multiples Private Equity, it said on Friday.

Brunei Investment Agency also participated in the round along with existing investors 3one4 Capital, Bertelsmann India Investments, Vertex Growth Fund and Vertex Ventures Southeast Asia and India.

A few early investors have exited Licious with this round.

The Bengaluru-based startup said it will deploy the funds towards more investments in tech-led supply chain transformation, quality improvement and customer experience elevation and also for expanding its presence in more Indian cities, powering the international expansion plan, augmenting capabilities in existing markets, strengthening its omnichannel presence and fresh product launches.

**The startup will deploy the funds towards more investments in supply chain transformation and expansion**

Licious has seen a growth of more than 500% in the past year and delivered to more than 2 million unique customers till date, it said.

Avendus was the exclusive financial adviser to Licious for the transaction.

"This is just the beginning in our pursuit of building an exemplary and iconic tech-led D2C (direct-to-consumer) brand. There is a massive opportunity to be unlocked in this large $40 billion sector, which has hitherto been devoid of safety, innovation, quality and sustainability standards. With rapidly increasing protein consumption being driven by a vast majority of Indian consumers, it was a matter of time before the larger global investor community took part in this ambitious and transformative journey," said Vivek Gupta and Abhay Hanjura, co-founders, Licious.

Temasek and Multiples' confidence in Licious is a watershed moment in the context of the category coming of age and occupying the front row in consumer businesses in the nation, the co-founders said.

"Abhay and Vivek have revolutionized the purchase of poultry, seafood and meat in the country, delighting customers with their promise of quality, freshness and timely delivery. Their obsession with customers and quality gives them an eternal edge to create Licious as a category leader and as one of India's most admired consumer brands. We are proud to be a partner in this journey," said Sridhar Sankararaman, MD, Multiples.

# FB publishes first compliance report under the new IT rules

Saumya Tewari
saumya.t@livemint.com
NEW DELHI

Facebook Inc. on Friday published the first edition of its compliance report in accordance with Rule 4(1)(d) of the Information Technology (Intermediary Guidelines and Digital Media Ethics Code) Rules, 2021.

The report provides details on actions taken against Facebook and Instagram content—created by users in India—that violates norms. Facebook has identified two metrics. This includes 'Content Actioned', which measures the number of pieces of content (such as posts, photos, videos or comments) the platform took action on for going against its community standards. It shows the scale of the enforcement activity.

The second metric, 'Proactive Rate', shows the percentage of all content or accounts acted on that the company found and flagged before users reported them. This is an indicator of how effectively Facebook detects violations.

In the first report for the period between 15 May and 15 June 2021, Facebook said it took action against content that violated its community standards across 10 different categories or what the company calls policy areas.

It has taken action against 25 million spam content with a 99.9% proactive rate. Action was taken against a total of 2.5 million violent and graphic content with a 99.9% proactive rate.

Facebook said it clamped down on 1.8 million adult nudity and sexual activity-related content with a 99.6% proactive rate.

Other categories of content violation on Facebook include hate speech, dangerous organizations and individuals, organized hate, terrorist propaganda, bullying, harassment, regulated goods such as drugs and firearms, and suicide and self-injury.




The report gives details on actions taken against content that violated norms.

ISTOCK

On Facebook's photo sharing platform Instagram, the maximum number of violations happened in the suicide and self-injury content category, with the platform taking action against more than 699,000 posts with a 99.8% proactive rate. Violent and graphic content was the second most violated content category with the platform taking action against more than 668,000 posts with a 99.7% proactive rate. Adult nudity and sexual activity was the third most violated content category with 490,000 posts being either taken down or violating photos or video content being blurred.

**It clamped down on 1.8 mn adult nudity and sexual activity related content with a 99.6% proactive rate**

Bullying and harassment was another high violation category with 108,000 posts, while there were 53,000 violations in the hate speech category against which action was taken.

Facebook clarified the metric for 'spam' on Instagram is not available yet, and it is working on it.

"Over the years, we have consistently invested in technology, people, and processes to further our agenda of keeping our users safe and secure online and enabling them to express themselves freely on our platform. We use a combination of artificial intelligence, reports from our community, and review by our teams to identify and review content against our policies. We will continue to add more information and build on these efforts towards transparency as we evolve this report," said a Facebook spokesperson.

The social media company said the next report will be published on 15 July, containing details of user complaints received and action taken.

Earlier, home-grown social media platform Koo released the compliance report for June 2021, which showed that 5,502 Koos were reported by the community out of which 22.7% (1,253) were removed, while other action was taken against the remaining 4,249.

Google also published its report stating it received 27,762 complaints from 1 April to 30 April, of which 26,707 or 96% were related to copyright.



Growth is
not just about digging
in the heels.
It's also about pivoting
in tough times.

Growth is...On.

mint
Think Ahead.
Think Growth.

Follow us:
mint.live
livemint
live_mint
livemint
livemint.com

**MUNJAL SHOWA LIMITED**

**CIN: L34101HR1985PLC020934**
**Registered Office & Works:** 9-11, Maruti Industrial Area, Sector-18, Gurugram - 122015, (Haryana)
**Tel.:**+91-124-4783000 **Fax:**+91-124-2341359
**Email:** cs@munjalshowa.net; **Website:** www.munjalshowa.net

**NOTICE**

**Sub: Transfer of shares under section 124(6) of the Companies Act, 2013 read with Rule 6 of The Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016**

This Notice is hereby given to all the shareholders of M/s Munjal Showa Limited pursuant to the provisions of Section 124(6) of the Companies Act, 2013 and Rule 6 of Investors Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, read with relevant circulars and amendments thereto.

As per the said rules, dividends which are not paid/ claimed by the shareholders for last seven consecutive years or more have to be transferred/ credited to the DEMAT account of the Authority constituted under the said Rule. In this regard, we wish to bring to the kind notice that all those shareholders who haven't claimed the dividends for the last seven consecutive years, their shares are now due for transfer to the authority.

During the financial year 2020-21, the Company has transferred 8152 equity shares in respect of which dividend has remained unpaid or unclaimed for seven consecutive years or more to the IEPF Authority.

The Company has sent individual notices at the latest available addresses of the shareholders, whose shares are liable to be transferred to the IEPF authority during the financial year 2021-22. Further, in terms of Rule 6 (3) of the said rules, the statement containing the details of such shareholders has been duly uploaded on the company's website **www.munjalshowa.net** for information and necessary action by the shareholders.

Accordingly, the concerned shareholders are requested to claim their unclaimed dividend at the earliest. In case the Company/ RTA doesn't receive any request from the shareholders, the shares shall be transferred to the authority constituted under the said Rule on the completion of the period of three months from the date of the notice.

In order to claim the unclaimed dividend, please send us a written application in this regard along with copy of PAN Card and cancel cheque to the Company's registered office i.e. Munjal Showa Limited, Plot 9-11, Maruti Industrial Area, Sector-18, Gurugram - 122015, (Haryana) or email the documents or any query to **cs@munjalshowa.net**.

In case, the concerned shareholders wish to claim the shares after transfer to the authority, a separate application in Form IEPF 5, available on the website **www.iepf.gov.in** has to be made to the Authority.

Also members are requested to notify immediately if there is any change of address, Bank Details and email IDs:

i) To their Depository Participants (DPs) in respect of their electronic share accounts, and

ii) To the Company's Registrar, MCS Share Transfer Agent Limited, F–65 Okhla Industrial Area, Phase I, New Delhi 110020 in respect of their physical share folios, if any, quoting their folio number.

For any further queries, you may please write to us at **cs@munjalshowa.net** or call at 0124-4783000.

For **MUNJAL SHOWA LIMITED**
Sd/-
**(Geetanjali Sharma)**
Company Secretary

Place : Gurugram
Date : 01.07.2021

**FERRO SCRAP NIGAM LIMITED**
(A Government of India Undertaking)
CORPORATE OFFICE
Equipment Chowk, Central Avenue
P. B. No. 37 ▪ BHILAI - 490 001 (C.G.)
Phone Nos. : 0788 - 2222474 / 475
Fax : 0788 - 2220423, 2223884
E-mail ID : g.saraswat@fsnl.co.in

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited for the following

| | | |
|---|---|---|
| 1 | TN-01/2021-22 | Empanelment of Agencies for deployment of module of equipment on hire to assist in various activities inside Steel Plants on as and when required basis for a period of 3 yrs. |
| 2 | TN-02/2021-22 | Project Management Consultancy Services for setting up of Briquetting project at FSNL Bhilai. |

The vendors who are enlisted with us are also required to submit the offers as per tender. The due date for submission of tender will be on or before **02.08.2021** by 2:30 PM and tenders will be opened on **02.08.2021** at 3:00 PM. Visit our website www.fsnl.nic.in for tender documents, Corrigendum, Time Extensions etc.
**AGM(MM)**

**आज का दिन** 1886 में न्यूयॉर्क ट्रिब्यून छपाई मशीन का इस्तेमाल करने वाला पहला अखबार बना।

# बिजनेस

# उपलब्धि : यूपीआई भुगतान नए शिखर पर

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

सरकार की ओर से डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने और कोरोना संकट में सुरक्षित भुगतान की वजह से डिजिटल लेन-देन में तेज इजाफा हुआ है। इस मामले में खासकर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने लोगों को खूब लुभाया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के यूपीआई की मदद से होने वाला डिजिटल लेन-देन इस साल जून में मासिक आधार पर 11.6 फीसदी इजाफे के साथ 5.47 लाख करोड़ रुपये हो गया। जबकि मई, 2021 में इसके जरिए 4.19 लाख करोड़ रुपये का लेन-दन हुआ था। संख्या के लिहाज से जून 2021 में करीब 2.80 अरब लेन-देन हुए, जो अब तक का रिकॉर्ड है। मई में यह संख्या 2.53 अरब थी।

**क्या है यूपीआई? :** यूपीआई एक अंतर बैंक फंड ट्रांसफर की सुविधा है, जिसकी मदद से स्मार्टफोन पर फोन नंबर और वर्चुअल आईडी की मदद से भुगतान किया जा सकता है। यह इंटरनेट बैंक फंड ट्रांसफर की तकनीक पर आधारित है। एनपीसीआई के द्वारा इस सिस्टम को कंट्रोल किया जाता है। उपयोगकर्ता यूपीआई से सिर्फ चंद मिनटों में ही घर बैठे ही पेमेंट के साथ मनी ट्रांसफर कर सकते हैं।

**10.6** फीसदी बढ़ी लेन-देन की संख्या मई के मुकाबले जून में

**11.56** फीसदी बढ़ा मूल्य जून में मई के मुकाबले

**2.8** अरब लेन-देन की संख्या यूपीआई में जून महीने में

## कितना सुरक्षित है यूपीआई?




देश में डिजिटल लेन-देन बढ़ने के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी भी तेजी से बढ़ रही है। हैकर्स आम लोगों को ठगने के लिए रोज नए-नए तरीकों का उपयोग कर रहे हैं। इसके बावजूद सभी तरह की डिजिटल लेन-देन में यूपीआई अभी तक सबसे सुरक्षित विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया है। इसमें हर लेनदेन के समय पावसर्ड डालना होता है। साथ ही इसकी सूचना मोबाइल पर तुरंत पहुंच जाती है।

**5.47** खरब रुपये का लेनदेन जून में यूपीआई से

## पैसे मांगने वाले के लिए पिन जरूरी नहीं

यूपीआई की एक खास बात यह भी है कि इसमें पैसे भेजने वाले को पिन डालना पड़ता है। ऐसे में कोई आपके फोन या ईमेल या अन्य किसी माध्यम से पेशकश करे कि वह आपको बीमा या किसी अन्य निवेश की राशि भेज रहा है और इसके लिए आपका यूपीआई पिन चाहिए तो तुरंत सतर्क हो जाएं।

## सुरक्षा को तरजीह दें

भीम यूपीआई जैसे सुरक्षित एप्लिकेशन पर ही यूपीआई पिन का इस्तेमाल करें। अगर किसी वेबसाइट या फॉर्म में यूपीआई पिन डालने के लिए लिंक दिया गया हो, तो सावधान रहें। कुछ एप्लीकेशन निजी जानकारी का पता लगा सकते हैं।

## आईडी पासवर्ड न दें

आपको ग्राहक सेवा से संपर्क करना है, तो केवल पेमेंट एप्लीकेशन का ही इस्तेमाल करें। इंटरनेट पर दिए गए ऐसे फोन नंबर पर कॉल ना करें जो किसी अन्य वेबसाइट पर दी गई है। इसके अलावा बैंक या बीमा किसी भी तरह के कॉल सेंटर पर आपसे कोई आईडी-पावसर्ड मांग रहा है तो कभी न दें क्योंकि इसे मांगने की मनाही है।

## बिजनेस आपतक

### बिना दावे वाली राशि को लेकर नियम बदले

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने शुक्रवार को बैंकों में सावधि जमा की मियाद पूरी होने के बाद बिना दावे वाली राशि पर ब्याज के नियमों में बदलाव किया। फिलहाल, अगर मियादी जमा की अवधि पूरी हो जाती है और राशि का भुगतान नहीं हो पाता तथा बैंक के पास रकम बिना दावे के पड़ी रहती है तो उस पर बचत जमा पर देय ब्याज के हिसाब से ब्याज दिया जाता है। आरबीआई ने परिपत्र में कहा, यह निर्णय किया गया है कि अगर मियादी जमा परिपक्व होती और राशि का भुगतान नहीं हो पाता और वह बिना दावा के बैंक में पड़ी रहती है तो उस पर ब्याज दर बचत खाता के हिसाब से या सावधि जमा की परिपक्वता पर ब्याज की अनुबंधित दर, जो भी कम हो, देय होगी।

### जून में टोल संग्रह 21 प्रतिशत तक बढ़ा

**नई दिल्ली।** ज्यादातर राज्यों में लॉकडाउन में ढील तथा राजमार्गों पर यातायात बढ़ने से जून, 2021 में पथकर (टोल) संग्रह बढ़कर 2,576.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के आंकड़ों के अनुसार, यह मई के पथकर संग्रह 2,125.16 करोड़ रुपये से 21 प्रतिशत अधिक है।

### विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार 25 जून, 2021 को समाप्त सप्ताह में 5.066 अरब डॉलर बढ़कर 608 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े के मुताबिक 18 जून को समाप्त पिछले सप्ताह में मुद्रा भंडार 4.418 अरब डॉलर की कमी के साथ 603.933 अरब डॉलर रह गया था।

### एलआईसी ने आवास ऋण दर में कमी की

**नई दिल्ली।** आवास वित्त कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने शुक्रवार को कहा कि उसने 50 लाख रुपये तक के आवास ऋण पर ब्याज दरों को घटाकर 6.66 प्रतिशत कर दिया। ये नई दरें 31 अगस्त, 2021 तक वैध होंगी। नई दरों की पेशकश नए वेतनभोगी लोगों को की जाएगी।

### शेयर बाजार में गिरावट का दौर चौथे दिन थमा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लग गया और बीएसई सेंसेक्स 166 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी में तेजी के साथ बाजार चढ़ा।

### सोना 251 रुपये बढ़ा, चांदी 256 रुपये गिरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में मजबूती के रुख और रुपये के मूल्य में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 251 रुपये बढ़कर 46,615 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,364 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी 256 रुपये की गिरावट के साथ 68,458 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 68,714 रुपये रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, न्यूयॉर्क स्थित जिंस एक्सचेंज में सोने की कीमत में मजबूती और रुपये में गिरावट से सोने में 251 रुपये की तेजी आई।

### पेटीएम 50 करोड़ रुपये के कैशबैक देगी

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान फर्म पेटीएम ने शुक्रवार को कहा कि डिजिटल इंडिया के छह साल पूरे होने के अवसर पर कंपनी उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए कैशबैक कार्यक्रम शुरू करेगी, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। पेटीएम ने एक बयान में कहा कि पेशकश के तहत वह भारत में व्यापारियों और उपभोक्ताओं को पेटीएम ऐप के जरिए किए गए प्रत्येक लेनदेन के लिए कैशबैक देगी। यह कार्यक्रम कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विशेष अभियान के साथ देश भर के 200 जिलों में शुरू किया जाएगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में जताई विशेष रूप से चिंता

# साइबर हमलों का जोखिम बढ़ा

**चुनौती**

नई दिल्ली | सौरभ शुक्ल


रिजर्व बैंक के मुताबिक देश के बैंकिंग सिस्टम की साइबर सुरक्षा को लेकर खतरा अभी भी बरकरार है। कोरोना महामारी के बाद इसे इकोनॉमी के लिए भी बड़ा खतरा माना जा रहा है। आरबीआई की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में बताया गया है कि साइबर खतरा पिछले साल अक्टूबर के ही स्तर हाई रिस्क जोन में बना हुआ है।

आरबीआई साल में दो बार सिस्टेमिक रिस्क सर्वे कराता है। पिछली बार ये सर्वे अक्टूबर महीने में हुआ था इस बार ये अप्रैल में शुरू होकर मई तक चला। सर्वे के नतीजों के मुताबिक साइबर रिस्क पिछले साल के स्तर पर ही बरकरार है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि खतरे को देखते हुए वित्तीय संस्थानों को इसे रोकने से जुड़े सुझाव दे दिए गए हैं। ताकि सुरक्षित इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की दिखा में कदम उठाया जा सके। ये सर्वे विशेषज्ञों और बाजार के प्रतिनिधियों के बीच कराया जाता है।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक समय-समय पर साइबर धोखाधड़ी को लेकर आम लोगों को अगाह करता रहा है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने अपने कार्यकाल में बेबाकी से सबके सामने यह बात रखी कि साइबर ठग रिजर्व बैंक गवर्नर को भी आम ग्राहक समझकर लुभावनी पेशकश करते हैं। उन्होंने कहा था कि रिजर्व बैंक किसी ग्राहक को पैसे नहीं भेजता ऐसे में यदि आरबीआई के नाम पर कोई ईमेल या फोन आए तो झांसे में कभी न आएं। भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में यह कहा गया है। इसमें कहा गया है कि लेकिन अगर संपत्ति पर दबाव बढ़ता है और गंभीर होता है, तो एनपीए बढ़कर 11.22 तक जा सकता है।

## साइबर सुरक्षा पर खर्च में बैंक कंजूसी न करें



रिजर्व बैंक की इस रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि बैंकों को बढ़ते डिजिटल लेन देन को देखते हुए सुरक्षित आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने की दिशा में निवेश से हिचकिचाने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों में सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों को साइबर हमलों का शिकार होना पड़ा है। एसबीआई को साइबर हमले की आशंका में करोड़ों ग्राहकों को नया डेबिट कार्ड जारी करना पड़ा।

**3137** मामले रोजाना साइबर धोखाधड़ी के भारत में दर्ज हो रहे

**25** हजार करोड़ रुपये साइबर धोखाधड़ी के सालाना केस

**1.25** लाख करोड़ रुपये साइबर धोखाधड़ी से 2019 में गंवा चुके

**41%** मामले बढ़े कोरोना के बाद डिजिटल भुगतान बढ़ने से

### निशाने पर भुगतान सेवा

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में अब तक हमलावरों ने पेमेंट सिस्टम को ही अपना लक्ष्य बनाया है। साइबर ठगों का काम करने का तरीका पेमेंट कार्ड की जानकारी चुराना और एटीएम इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए नुकसान पहुंचाने जैसी चीजों से जुड़ा रहा है। इसके लिए रिजर्व बैंक की तरफ से इन खतरों से बचाव के लिए अलर्ट भी जारी किए गए हैं।

### गवर्नर दास ने भी चेताया

भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने रिपोर्ट में दिए अपने वक्तव्य में साफ कहा है कि कोरोना महामारी के दौर में इकोनॉमिक रिकवरी के साथ नए खतरे भी पैदा हो रहे हैं। इन खतरों में महंगाई, अनिश्चितता, दुनियाभर में डाटा चोरी के साथ साथ साइबर खतरों को भी अहम माना जा रहा है।

### किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें

बढ़ते साइबर खतरे में लोग सावधान रहें इसके लिए आरबीआई भी अपनी तरफ से लगातार मुहिम चला रहा है। रिजर्व बैंक ने लोगों को सलाह दी है कि मोबाइल या ईमेल के जरिए आने वाले किसी भी अनजान लिंक को क्लिक न किया जाए।

# खुदरा और थोक व्यापारी भी अब उद्यमी कहलाएंगे

नई दिल्ली | एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने खुदरा और थोक व्यापार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के तहत लाने की घोषणा की है। इससे रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप इन्हें भी प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत कर्ज का लाभ मिल सकेगा।

सरकार ने 2017 में एक गजट अधिसूचना जारी कर थोक और खुदरा कारोबारी गतिविधियों को एमएसएमई से बाहर कर दिया था। नए दिशा-निर्देशों से 2.5 करोड़ खुदरा और थोक व्यापारियों को फायदा होगा। इससे उन्हें उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण की अनुमति भी मिल सकेगी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, दुनिया में 90 प्रतिशत व्यापार एमएसएमई से ही आते हैं। रोजगार का 60-70% हिस्सा यही प्रदान करते हैं। इसके अलावा दुनियाभर के जीडीपी में 50 प्रतिशत योगदान इन एमएसएमई का ही है।

**ऐलान**

- अब प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत कर्ज का लाभ मिल सकेगा
- नए दिशा-निर्देशों से 2.5 करोड़ खुदरा-थोक व्यापारियों को लाभ

# महंगाई पर अंकुश के लिए दालों की स्टॉक सीमा तय

नई दिल्ली | एजेंसी

महंगाई पर अंकुश लगाने और जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र सरकार ने मूंग की दाल को छोड़कर अन्य सभी दालों के लिए स्टॉक सीमा तय कर दी है। थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, आयातकों और मिल मालिकों के लिए 31 अक्तूबर तक स्टॉक सीमा तय दी है। उपभोक्ता मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि स्टॉक सीमा तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

थोक विक्रेताओं पर 200 मीट्रिक टन की स्टॉक सीमा लगाई गई है। पर इसमें एक किस्म की दाल की मात्रा 100 मीट्रिक टन से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा पांच टन है।

मिलर के लिए सीमा पिछले तीन माह के उत्पादन अथवा वार्षिक संस्थापित क्षमता का 25 फीसदी में जो अधिक हो, वह होगी। आयातकों के लिए स्टॉक की सीमा 15 मई 2021 से पहले रखे गए या आयात किए गए स्टॉक के लिए थोक विक्रेताओं के समान होगी।

**अंकुश**

- मूंग को छोड़कर अन्य सभी दालों की स्टॉक सीमा तय
- थोक, खुदरा, आयातकों और मिल मालिकों सभी के लिए

# तिमाही में निर्यात 95 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

केंद्र सरकार ने जानकारी दी है कि वित्तवर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में देश में ऐतिहासिक निर्यात हुआ है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया है कि देश से 95 अरब डॉलर का निर्यात हुआ है जो वित्तवर्ष 2018-19 के 82 अरब डॉलर और वित्तवर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही के 90 अरब डॉलर की तुलना में भी ज्यादा है। वाणिज्य मंत्री के मुताबिक इस साल अप्रैल-जून तिमाही में देश का वस्तुओं निर्यात किसी तिमाही में अबतक का सर्वाधिक है। पीयूष गोयल ने शुक्रवार को ये भी बताया कि इंजीनियरिंग, चावल, ऑयल मील और समुद्री उत्पादों समेत विभिन्न क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश का निर्यात चालू वित्त वर्ष 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 95 अरब डॉलर रहा।

वित्त वर्ष 2020-21 की अप्रैल-जून तिमाही में निर्यात 51 अरब डॉलर था। इसके अलावा पिछले महीने देश का निर्यात 47 प्रतिशत बढ़कर 32 अरब डॉलर रहा था। पीयूष गोयल ने कहा कि मंत्रालय चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी संबद्ध पक्षों के साथ मिलकर काम करेगा।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल अप्रैल में निर्यात में 2020 के मुकाबले 196 फीसदी और 2019 के मुकाबले 18 फीसदी की बढ़त रही है। वहीं इस साल मई में 2020 के मुकाबले 69 फीसदी और 2019 के मुकाबले 8 फीसदी की तेजी रही।

## रुपया 19 पैसे टूटा

**नई दिल्ली।** रुपये में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और यह 19 पैसे की गिरावट के साथ प्रति डॉलर 74.74 (अस्थायी) पर बंद हुई।

# आधार में पता अपडेट करने की सुविधा बंद

**नई दिल्ली।** आधार में पता अपडेट कराने में आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ( यूआईडीएआई) ने आधार वेलिडेशन लेटर के जरिए आधार कार्ड में पता अपडेट कराने की सुविधा को फिलहाल बंद कर दिया है। इस सुविधा के इस्तेमाल से ऐसे आधार कार्ड धारक अपना पता अपडेट करा पाते थे, जिनके पास उस पते का कोई वैध प्रमाण नहीं होता था। इससे खासकर किरायेदारों को ज्यादा परेशानी होगी।

यूआईडीएआई की वेबसाइट से इसका विकल्प फिलहाल हटा दिया गया है। हालांकि, प्राधिकरण ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह सेवा आगे दोबारा शुरू होगा या हमेशा के लिए बंद कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि आधार मौजूदा समय में वित्तीय लेन-देन के साथ अन्य काम में भी बेहद अहम दस्तावेज बन गया है। बैंक खाता खोलने, पैन नंबर लेने, मोबाइल सिम लेने, जमीन या मकान की रजिस्ट्री में यह अनिवार्य दस्तावेज बन चुका है। इसके अलावा सरकारी सब्सिडी लेने में यह अनिवार्य है। इस वक्त आधार कार्ड में पता अपडेट करने के लिए कई अन्य विकल्प मौजूद हैं उनका सहारा लेकर यह काम हो सकता है।

ताजा खबरों के लिए देखें : www.livehindustan.com

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**पटना – 801507**
(एमओएचएफडब्ल्यू, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)

**पीएच.डी कार्यक्रम, एम्स पटना में नामांकन**

एम्स पटना में, सत्र जुलाई 2021 के लिए पीएच.डी कार्यक्रम में नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। सीट उपलब्ध, नामांकन प्रक्रिया/योग्यता मानदंड, आवश्यक दस्तावेज एवं ऑफलाईन पंजीकरण आवेदन पत्र इत्यादि से संबंधित विस्तृत विवरण एम्स पटना के वेबसाईट **www.aiimspatna.org** पर उपलब्ध है।
वैसे उम्मीदवारगण, जो इस पीएच.डी कार्यक्रम में नामांकन के योग्य एवं इच्छुक हैं, वे आवश्यक दस्तावेज सहित साक्षात्कार में भाग लेने के लिए **दिनांक 15 जुलाई 2021 को 10.00 बजे पूर्वाह्न** में डीन कार्यालय एम्स पटना में मिल सकते हैं। एम्स पटना में पीएच.डी कोर्स में नामांकन से संबंधित किसी भी तरह की पूछताछ/सूचना हेतु कृपया मि.पदम प्रताप सिंह यादव, जेएए, डीन कार्यालय, एम्स पटना, मोबाईल नं. 9097773477, ई.मेल आई डी : **padamp@aiimspatna.org** से संपर्क स्थापित करें।

**डीन, एम्स पटना**

कोरोना रोकें: अपने हाथों को धोएं, मास्क पहनें एवं दो गज की दूरी का पालन करें

**दिल्ली जल बोर्ड: दिल्ली सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (टी)**
**वरुणालय फेज-II : करोल बाग : नई दिल्ली- 110005**

दिल्ली जल बोर्ड के नवाचार प्रकोष्ठ में अनुबंध आधार पर शुरूआत में 01(एक) वर्ष की अवधि, जिसे जरूरत अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है, के लिए निम्नांकित परामर्शकों/विशेषज्ञों की नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | पद का नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कॉन्ट्रैक्ट स्पेशलिस्ट | 01 संख्या |
| 2 | सेफ्टी एण्ड एनवायरनमेंट ऑडिटिंग स्पेशलिस्ट | 01 संख्या |
| 3 | स्ट्रक्चरल इंजीनियर(सिविल) | 01 संख्या |
| 4 | इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल इंजीनियर | 01 संख्या |
| 5 | एनवायरनमेंटल इंजीनियर | 01 संख्या |
| 6 | सीनियर लैण्डस्केप आर्किटेक्ट | 01 संख्या |
| 7 | मिडिल लेवल आर्किटेक्ट | 02 संख्या |
| 8 | ग्राउंड वाटर एक्सपर्ट | 01 संख्या |
| 9 | अर्बन प्लानर | 01 संख्या |

आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि 30.07.2021 को सायं 05.00 बजे तक है। इच्छुक उम्मीदवारों से आग्रह है कि वे कार्यालय सहायक आयुक्त(टी), कक्ष सं. 215, वरुणालय, फेज-II, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005 को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अपने आवेदन भेजें। ऑनलाइन आवेदन ईमेल आईडी **djbact1@gmail.com** को भेजे जा सकते हैं। नियत तिथि के बाद आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
पात्रता और अन्य जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट **www.delhijalboard.nic.in** देखें।

ज.स. अधि. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा. सं. ज.स.वि. 154/2021-22

ह0/- (वीरेंद्र सिंह)
सहायक निदेशक (टी)

**बिहार सरकार**
**प्रतिभा खोज समिति (खेल–कूद कोटा सिपाही भर्ती–2021)**
पुलिस महानिरीक्षक, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, का कार्यालय, बिहार, पटना।
(सरदार पटेल भवन, पंचम तल, ब्लॉक/बी0, रूम नं0–510,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना–800023)
**Website: www.biharpolice.bih.nic.in**

**बिहार पुलिस खेल–कूद नीति, 2013 के अन्तर्गत सिपाही के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या– 02/2021 के संबंध में**

1. **विभाग** :– गृह (आरक्षी) विभाग।
2. **पद कानाम** :– सिपाही
3. **रिक्ति की संख्या** :– 85 (पचासी)
4. **आवेदन जमा करने की प्रारंभ तिथि** :–**10.07.2021.**
5. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** :–**09.08.2021.**
6. **अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता** :–अभ्यर्थियों को दिनांक– 01.07.2021 अथवा इससे पूर्व इन्टरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण अथवा बिहार राज्य के मदरसा बोर्ड द्वारा निर्गत मौलवी प्रमाण–पत्र अथवा बिहार राज्य के संस्कृत बोर्ड द्वारा निर्गत शास्त्री (अंग्रेजी सहित) अथवा आचार्य (अंग्रेजी सहित) प्रमाण–पत्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
7. पुलिस महानिदेशक, बिहार की अध्यक्षता में गठित विशेष खेल समिति द्वारा प्रतिभा खोज समिति की अनुशंसा पर सक्रिय खिलाड़ियों की नियुक्ति की जायेगी। खिलाड़ियों की नियुक्ति के लिए **कोई लिखित परीक्षा संचालित नहीं की जायेगी।** प्रमाण पत्रों के जाँचोपरांत सक्रिय खिलाड़ी चयन परीक्षण (Selection Trial) में भाग लेंगे। चयन परीक्षण (Selection Trial) उम्मीदवारों के खेल–कूद कौशल, शारीरिक/स्वास्थ्य उपयुक्तता, खेल–कूदमें उनके भावी पहलुओं का निर्धारण करेगी। चयन परीक्षण प्रतिभा खोज समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों की उपस्थिति में संचालित किया जायेगा। **अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा** :–
   (i) पूर्व खेल–कूद उपलब्धि का निर्धारण– 70 (सत्तर अंक)
   (ii) चयन परीक्षणों के दौरान निर्धारण – 30 (तीस अंक)
   कुल प्राप्तांक 100 के विरूद्ध न्यूनतम 60 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के पात्र माने जायेंगे। पात्र अभ्यर्थियों से नियुक्ति के लिए नियुक्ति के सिद्धान्त इस प्रकार अंगीकार किया जायेगा जिससे कि उच्चतर अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जा सके। केवल 60 अंक प्राप्त कर लेना नियुक्ति की गारन्टी नहीं होगी।
8. **शुल्क**:–स्पोर्ट्स कोटा के अन्तर्गत **सिपाही** पद पर चयन हेतु **अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अनारक्षित (सामान्य) वर्ग पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 700/– (सात सौ) रूपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 400/– (चार सौ) रूपये निर्धारित है,** जो केवल बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक, बिहार सैन्य पुलिस, बिहार, पटना के पदनाम से देय होगा।
9. **आवेदन पत्र भेजने का पता** :– सेवा में, पुलिस महानिरीक्षक, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का कार्यालय, सरदार पटेल भवन, पंचम तल, बी0,ब्लॉक, रूम नं0–510, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना–800023 ।
10. इच्छुक पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी Website: www.biharpolice.bih.nic.inपर विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप देख सकते हैं एवं Download कर सकते हैं।

**अध्यक्ष,**
**प्रतिभा खोज समिति**
**(स्पोर्ट्स कोटा सिपाही भर्ती),**
**बिहार, पटना।**

PR- 03160 ( Police ) 2021-22

नोवल कोरोना के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं सहयोग हेतु 24x7 Toll Free No.: **104** पर संपर्क कर सकते हैं।

**आई. सी. ए. आर. - राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन केंद्र**
लाल बहादुर शास्त्री भवन, आईएआरआई कैंपस, पूसा, नई दिल्ली -110 012
फोन: 011-2584935, 25843985, वेबसाइट: https://ncipm.icar.gov.in

राष्ट्रीय समेकित नाशीजीव प्रबंधन केंद्र में **"बागवानी फसल नाशीजीव निगरानी परियोजना (HORTSAP), महाराष्ट्र -2021-22"** व **"हरियाणा में बागवानी फसलों के आई.सी.टी. आधारित कीट निगरानी व सलाह तंत्र"** परियोजनाओं के अंतर्गत क्रमशः एक पद रिसर्च एसोसिएट (कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग/सूचना प्रौद्योगिकी) व एक पद सीनियर रिसर्च फैलो (कृषि कीट विज्ञान/पादप रोगविज्ञान) जोकि पूरी तरह से संविदात्मक है, को भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों को **दिनांक 26.07.2021 को सुबह 10.00 बजे ऑनलाइन/वॉक-इन-इंटरव्यू** के लिए आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत आवेदन पत्र, नियम और शर्तें आदि एनसीआईपीएम वेबसाइट https://ncipm.icar.gov.in पर उपलब्ध हैं। विधिवत भरा हुआ आवेदन कृपया ई-मेल के द्वारा y.heralal@icar.gov.in को 23.07.2021 शाम 4.30 बजे से पहले भेजा जाए।

**मुंजाल शोवा लिमिटेड**
सीआईएन: L34101HR1985PLC020934
**पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्स:** 9–11, मारूति इंडस्ट्रियल एरिया, सैक्टर–18, गुरुग्राम–122015 (हरियाणा)
**फोन:** +91-124-4783000; **फैक्स:** +91-124-2341359
**ई-मेल:** cs@munjalshowa.net; **वेबसाईट:** www.munjalshowa.net

**सूचना**

**विषय: विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदेय) नियम, 2016 के नियम 6 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के अंतर्गत अंशों का हस्तांतरण**

यह सूचना मेसर्स मुंजाल शोवा लिमिटेड के सभी अंशधारकों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के प्रावधानों एवं विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदेय) नियम, 2016 के साथ पठित प्रासंगिक परिपत्र एवं इसके संशोधनों के प्रावधानों के अंतर्गत दी जाती है।

उक्त नियमों के अनुसार, ऐसे लाभांश जिनकी अदायगी अथवा दावा अंशधारकों द्वारा लगातार गत् सात या अधिक वर्ष से नहीं किया गया हो, वे इस नियम के अंतर्गत गठित प्राधिकरण के डीमैट खाते में हस्तांतरण / क्रेडिट कर दिए जाने चाहिए। इस संबंध में, उन सभी अंशधारकों, जिन्होंने गत् सात वर्षों से लगातार लाभांश का दावा नहीं किया है, उनके अंश अब प्राधिकरण को हस्तांतरण हेतु निश्चित हैं।

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, कम्पनी ने 8152 समता अंशों को आईइपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किया है जिनके सम्बन्ध में लगातार सात अथवा इससे अधिक वर्षों से लाभांश अदत्त अथवा गैर–दावाकृत थे।

कंपनी ने ऐसे अंशधारकों, जिनके अंश वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आईइपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरण हेतु संभाव्य हैं, को उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर व्यक्तिगत सूचना प्रेषित की है। इसके अतिरिक्त, कथित नियमों के नियम 6 (3) के अनुसार, अंशधारकों की जानकारी और आवश्यक कार्रवाई हेतु, ऐसे अंशधारकों का विस्तृत विवरण कंपनी की वेबसाइट **www.munjalshowa.net** पर अपलोड किया गया है।

तदनुसार, संबंधित अंशधारकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने गैर दावाकृत लाभांश का दावा जल्द से जल्द कर लें। यदि कंपनी/आरटीए को अंशधारकों से कोई अनुरोध प्राप्त नहीं होता है तो इस सूचना के तीन माह की अवधि के पूर्ण होने पर, अंशों को कथित नियम के अंतर्गत गठित प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

गैर दावाकृत लाभांश का दावा करने हेतु, कृपया इस संबंध में एक लिखित आवेदन, पैन कार्ड एवं रद्द किए गए चेक की प्रति के साथ, कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय अर्थात् मुंजाल शोवा लिमिटेड, प्लाट 9–11, मारुति इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर–18, गुरुग्राम –122015 (हरियाणा) को भेजें अथवा यदि कोई प्रश्न हों तो ई–मेल **cs@munjalshowa.net** से संपर्क कर सकते हैं।

यदि संबंधित अंशधारक प्राधिकरण को स्थानांतरित करने पश्चात् अंशों का दावा करना चाहते हैं, तो वेबसाइट **www.iepf.gov.in** पर उपलब्ध फॉर्म आईईपीएफ 5 में एक पृथक आवेदन प्राधिकरण को करना होगा।

इसके अतिरिक्त, यदि सदस्यों के पता, बैंक विवरण और ईमेल आईडी कोई परिवर्तन हो, तो निम्न को शीघ्र सूचित करें:

i) इलेक्ट्रॉनिक अंश खातों के संबंध में अपने डिपोजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) को, तथा
ii) भौतिक अंश फोलियो के सम्बन्ध में, फोलियो नंबर का उल्लेख देते हुए, कंपनी के रजिस्ट्रार, एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, एफ–65 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज 1, नई दिल्ली – 110020

किसी अन्य प्रश्न हेतु, कृपया हमें **cs@munjalshowa.net** पर लिखें अथवा 0124–4783000 पर फोन करें

**मुंजाल शोवा लिमिटेड** हेतु
हस्ता०/–
**(गीतांजलि शर्मा)**
कम्पनी सचिव

स्थान : गुरुग्राम
तिथि : 01.07.2021